महत्वपूर्ण एवं खास

होटल के कमरे में प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई से बड़ी खबर सामने आ रही है। भिलाई शहर के स्मृति नगर में स्थित एक निजी होटल में प्रेमी जोड़े ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी है। होटल कृष में प्रेमी जोड़े की लाश एक साथ पंखे से झूलती हुई मिली है। खबर लगने पर पुलिस होटल पहुँची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। यह पूरा मामला स्मृति नगर थाने क्षेत्र का है। अफरोज खान और उसकी प्रेमिका कोहका निवासी तापसी रुके थे। दोनों एक दूसरे से लंबे समय से प्रेम किया करते थे। अफरोज खान पहले से शादीशुदा है। बुधवार की सुबह होटल के वेटर ने कमरे का दरवाजा खटखटाया काफी देर तक बंद था जिसे तोडक़र देखने पर अफरोज और तापसी पंखे पर लटके मिले।खबर लगने पर स्मृति नगर पुलिस मौके पर पहुंची शव का पहचान कर परिजनों को बुलाया गया। प्रेमी जोड़े की फांसी की खबर लगते हैं। होटल के आसपास लोगों की काफी भीड़ जुड़ गई थी। बताया जा रहा है कि तापसी ने पूर्व में अफरोज के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज करा चुकी है। मृतक अफरोज इसी मामले में जेल भी गया था। वह अभी हालही में छूटा था। अफरोज अक्सर इसी होटल में तापसी के साथ रुकता था। सीएसपी निखिल राखेचा ने बताया कि प्रेमी जोड़ी ने होटल में फाँसी लगाकर आत्महत्या किया है। शिनाख़्त हो गई है पुलिस जांच में जुटी हुई है। आत्महत्या का स्पष्ट कारण पुलिस के जांच के बाद सामने आएगा।

जादू-टोना के शक में ग्रामीण की हत्या के 6 आरोपी गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। जिले के थाना छिन्दगढ़ क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चौपेल निवासी चितरू बघेल के द्वारा 08 नवंबर 2022 को थाना छिन्दगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया गया कि 07 नवंबर 2022 की रात्रि लगभग 08 बजे मेरे पिता लक्ष्मण बघेल को घर में आकर आरोपियों द्वारा जादू-टोना के शक में गाली-गालौज कर लात-डण्डा से मारपीट कर हत्या कर दिया गया। घटना के संबंध में थाना छिन्दगढ़ में अप.क्र. 41/2022 धारा 147, 148, 302 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी छिन्दगढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम के द्वारा ग्राम चीपेल में दबिश देकर घटना के चश्मीद गवाहों के मुताबिक घटना के चंद घण्टे के भीतर सभी 06 आरोपियों क्रमशः 01 सुकलू राम पिता मुहाराम 02. पांडरूराम बघेल पिता बुजू 03. रामा बघेल पिता बुजू बघेल 04. दुलारू बघेल पिता बुदा 05, गंगाराम बघेल पिता सोमा राम 06. देवा राम बघेल पिता मुड़ा सभी साकिनान ग्राम चौपेल थाना छिन्दगढ़ जिला सुकमा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा लक्ष्मण बघेल की हत्या करना स्वीकार किया, एवं उनके द्वारा हत्या में प्रयोग किया डण्डे को जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने से कार्यवाही उपरांत 09 नवंबर 2022 को न्यायालय सुकमा के समक्ष पेश कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल कर दिया गया।

दीवार प्लास्टर करते समय करंट लगने से युवक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। खुद के घर का दीवार प्लास्टर करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। उरगा थाना के कापूबहरा गांव का गीता प्रसाद कुर्रे रोजी.मजदूरी करता था। मंगलवार को वह अपने ही घर का दीवार प्लास्टर कर रहा था। उस दौरान पास से गुजरे बिजली तार से संपर्क होने से वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले में अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम किया। परिजन के मुताबिक 5 साल पहले गीता प्रसाद की शादी हुई थी। वर्तमान में उसकी पत्नी गर्भवती है। परिवार में खुशी आने से पहले ही हुए हादसे से गम छा गया।

छत्तीसगढिय़ा संस्कृति के साथ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दे रही छत्तीसगढ़ सरकार -उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

❐ **खरसिया में कलस्टर स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का हुआ आयोजन**

रायगढ़। राजीव युवा मितान क्लब के तत्वाधान में कलस्टर स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल का आयोजन उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय मैदान, खरसिया में संपन्न हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राधा सुनील शर्मा, एसडीएम अभिषेक गुप्ता, सीएमओ अंकुर पाण्डेय उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति, खान-पान को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। जिस प्रकार बोरे बासी दिवस मनाया गया और लोगों ने उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी प्रकार छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में हिस्सा लेने पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राधा सुनील शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। ये सभी के बचपन की याद ताजा कर रहा है, उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए मजबूत इरादों के साथ खेलने को कहा।

इस अवसर पर सर्वश्री अभय महंती, नेत्रानंद पटेल, सुनील शर्मा, रामकिशुन आदित्य, हितेन्द्र मोदी, राम शर्मा, विकास अग्रवाल, राजेश सहिस, राज सारथी, सन्यासी मेहर, गणेश, संतोष राठौर, परिक्षीत राठौर, रमेश अग्रवाल, बृजेश राठौर, निखिल सिन्हा, भोला राठौर, रेशम गबेल, राहुल महंत, मनोज महंत, हरिश शर्मा, धीरज राठौर, अरूण अग्रवाल, चंद्रशेखर गबेल, भरत राठौर, नीरज पटेल, रिपुसूदन पाण्डेय उपस्थित रहे।

छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में 100 मीटर दौड़, लगड़ी दौड़, लंबी कूद, भौंरा, बांटी, पिट्ठूल, सखली, गेड़ी, गिल्ली डंडा, फुगड़ी, रस्सा कशी, बिल्लस आदि खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें खरसिया, किरोड़ीमल, पुसौर, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, लैलूंगा के छात्र-छात्राएं, पुरुष और महिलाओं ने हिस्सा लिया। इसमें 100मीटर दौड़ 18 वर्ष बालिका वर्ग में धरमजयगढ़ की पायल-प्रथम, द्वितीय किरोड़ीमल नगर की खुशी द्वितीय एवं तृतीय स्थान में खरसिया की नीलम रही। इसी प्रकार बालक वर्ग में लैलूंगा के नीतेश सिदार प्रथम, किरोड़ीमल नगर के प्रकाश यादव द्वितीय एवं तृतीय घरघोड़ा के दानवेंद्र रहे। 18 से 40 आयु महिला वर्ग में उमा साहु खरसिया-प्रथम द्वितीय-मीणा खलखो धरमजयगढ़, तृतीय-लालभूमि भगत किरोड़ीमल नगर रही। पुरुष वर्ग में पुसौर के गणेश्वर-प्रथम, खरसिया के संजू-द्वितीय एवं लैलूंगा के प्रांजल तीसरे स्थान पर रहे। 40से अधिक आयु वर्ग महिला में किरोड़ीमल नगर की अल्विना-प्रथम, इसी प्रकार पुरुष वर्ग में पुसौर के विनोद गुप्ता-प्रथम, किरोड़ीमल नगर के दमन कुमार दूसरे तथा तीसरे स्थान पर खरसिया के राम किशोर रहे।

लगडी दौड़ में 18 वर्ष तक बालिका वर्ग में लैलूंगा की कंचन और साथी-प्रथम, दूसरे स्थान में पुसौर के आरती एवं साथी तथा तीसरे स्थान में किरोड़ीमल नगर की प्रीति पंडित व साथी रही। बालक वर्ग में प्रथम लैलूंगा के प्रकाश और साथी, दूसरे स्थान में किरोड़ीमल नगर के सुमीत और साथी, तीसरे स्थान पर पुसौर के शिवम और उनके साथी रहे। 18 से 40 आयु वर्ग महिला में धरमजयगढ़ की जयंती तिर्की और साथी-प्रथम रही। पुरुष वर्ग में पुसौर के कमलेश और साथी, दूसरे स्थान पर घरघोड़ा के कृष्णा साहू एवं साथी तथा तीसरे स्थान पर किरोड़ीमल नगर के मुकेश ठाकुर और साथी रहे। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग महिला में अल्विना और साथी, इसी प्रकार पुरुष वर्ग में दमन और साथी प्रथम रहे। लंबी कूद खेल में 18 वर्ष बालिका वर्ग में धरमजयगढ़ की माधुरी राठिया-प्रथम, द्वितीय-भारती सिदार पुसौर एवं तीसरे स्थान पर लैलूंगा की पूनम राठिया रही। पुरूष वर्ग में लैलूंगा के इरफात, द्वितीय-किरोड़ीमल नगर के तन्मय सिंह एवं तृतीय स्थान पर घरघोड़ा के दिव्यांश रहे। 18 से 40 आयु वर्ग में महिला वर्ग में धरमजयगढ़ की एल्विना-प्रथम, पुसौर की अंजू सिदार-द्वितीय तथा पुरूष वर्ग में प्रथम-सुमन गुप्ता पुसौर, सुनील पैकरा घरघोड़ा-द्वितीय एवं खरसिया के संजु कुमार तृतीय रहे। 40 आयु वर्ग से अधिक महिला वर्ग में किरोड़ीमलनगर की एल्विना तिर्की-प्रथम, पुरूष वर्ग में दमन कुमार किरोड़ीमलनगर-प्रथम, पुसौर के विनोद द्वितीय रहे। भौरा प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक बालक में खरसिया के आयुष राठौर-प्रथम, किरोड़ीमल नगर के प्रकाश यादव-द्वितीय एवं पुसौर के सन्ती यादव तृतीय रहे। 18 से 40 आयु वर्ग में पुसौर के गणेश्वर-प्रथम, किरोड़ीमलनगर के उमेश-द्वितीय एवं घरघोड़ा के प्रमोद तिर्की-तृतीय रहे। 40 से अधिक आयु वर्ग में पुसौर के विनोद गुप्ता-प्रथम एवं खरसिया के शरद सिंह द्वितीय रहे। बांटी प्रतियोगिता में 18 वर्ष बालिका वर्ग में पुसौर की अंजू एवं साथी-प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर खरसिया की रिया एवं साथी रही। बालक वर्ग में पुसौर के शिवम एवं साथी तथा द्वितीय स्थान पर खरसिया के आयुष एवं साथी रहे। 18 से 40 आयु महिला वर्ग में धरमजयगढ़ की गायत्री एवं साथी-प्रथम तथा पुरूष वर्ग में किरोड़ीमल नगर के उमेश एवं साथी-प्रथम एवं पुसौर के विनोद एवं साथी द्वितीय रहे। पिट्ठुल प्रतियोगिता में 18 वर्ष बालिका वर्ग में धरमजयगढ़ की ललिता राठिया एवं साथी-प्रथम तथा बालक वर्ग में किरोड़ीमल नगर के प्रकाश यादव प्रथम रहे। गेड़ी प्रतियोगिता में 18 वर्ष बालक वर्ग में किरोड़ीमल नगर के सुमित प्रथम एवं खरसिया के कान्हा राठौर द्वितीय रहे। 18 से 40 पुरूष वर्ग में किरोड़ीमल नगर के हिमांशु-प्रथम एवं 40 से अधिक पुरूष आयु वर्ग में खरसिया के देवनारायण राठौर-प्रथम रहे। गिल्ली-डंडा प्रतियोगिता में 18 आयु वर्ग बालिका में पुसौर की प्रतिमा-प्रथम एवं पुरूष वर्ग में पुसौर के शिवम गुप्ता रहे। 18 से 40 आयु वर्ग महिला में धरमजयगढ़ की गायत्री राठिया-प्रथम एवं पुरूष वर्ग में किरोड़ीमल नगर के लवकुमार प्रथम रहे। फुगड़ी प्रतियोगिता में 18 आयु वर्ग बालिका में धरमजयगढ़ की अमित्रा राठिया-प्रथम, किरोड़ीमल नगर की खुशी पाण्डेय-द्वितीय एवं प्रीति साहू घरघोड़ा तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में लैलूंगा के किशन साव-प्रथम, किरोड़ीमल नगर के संजय-द्वितीय एवं पुसौर के शिवम गुप्ता-तृतीय रहे। 18 से 40 महिला वर्ग में खरसिया की भारती-प्रथम एवं धरमजयगढ़ की पूजा द्वितीय रही।

पुरूष वर्ग में पुसौर के सुमन सरल-प्रथम एवं किरोड़ीमल नगर के रामअवतार द्वितीय रहे। 40 से अधिक आयु वर्ग पुरूष में विनोद गुप्ता-प्रथम रहे। रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता 18 वर्ष बालिका वर्ग में लैलूंगा की रोशनी भगत एवं साथी प्रथम रही एवं धरमजयगढ़ की माधुरी राठिया एवं साथी द्वितीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में किरोड़ीमल नगर के संजय एवं साथी-प्रथम, द्वितीय स्थान पर घरघोड़ा के धुरव श्रीवास एवं साथी रहे। 18 से 40 महिला वर्ग में धरमजयगढ़ की गायत्री एवं साथी-प्रथम, पुरूष वर्ग में किरोड़ीमल नगर के थमेश व साथी-प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर पुसौर के शुभम एवं साथी रहे। बिल्लस प्रतियोगिता में 18 आयु बालिका वर्ग में लैलूंगा की रोशनी भगत प्रथम, धरमजयगढ़ की आरती सिदार-द्वितीय एवं खरसिया की सुहानी सिदार तीसरे स्थान पर रही। 18 से 40 महिला वर्ग में खरसिया की भारती-प्रथम रही।

अपेक्स बैंक अध्यक्ष चन्द्राकर ने ली सहकारिता के माध्यम से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। अपेक्स बैंक अध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा बैजनाथ चन्द्राकर ने आज अपेक्स बैंक शाखा सारंगढ़ व बरमकेला के प्रबंधक, सहकारी समितियों के प्रबंधकों व पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर सहकारिता के माध्यम से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े उपस्थित रही।

अपेक्स बैंक अध्यक्ष चन्द्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार किसानों तथा मजदूरों के हित मे कार्य कर रहे है। खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में काम हो रहा है। गोठानों को रूरल इंड्रस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। किसानों, महिलाओं वनांचल आदिवासियों की आमदनी दुगुनी करने हेतु समयबद्ध कार्ययोजना पर काम हो रहा है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे देश में नंबर 1 मुख्यमंत्री है। बैठक में धान खरीदी, किसानों को धान की राशि का आनलाईन भुगतान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, कृषि ऋण वितरण तथा वसूली की समीक्षा की गयी। चन्द्राकर ने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों को धान विक्रय तथा राशि भुगतान में किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए। खेती के लिए किसानों को आवश्यकतानुसार व पात्रतानुसार ऋण स्वीकृत किया जाए। बैठक में अरुण मालाकार, सरिता गोपाल, संजय दुबे, पुरषोतम साहू, रामनारायण साहू, अपेक्स बैंक के डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी, प्रबंधक ए.के.लहरे, ओएसडी एस.के. सिंह, नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी, शाखा प्रबंधक सारंगढ़ संजय कुमार साहू, शाखा प्रबंधक बरमकेला डी.आर.बाघमारे,लेखा अधिकारी प्रभाकर कांत यादव उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री मितान योजना में 5 साल तक के बच्चों का घर बैठे एक कॉल पर बन रहा आधार कार्ड, नागरिक ले रहे सुविधा का लाभ

धमतरी (आरएनएस)। पांच साल तक के बच्चों का आधार कार्ड विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए महत्वपूर्ण होता है। छोटे बच्चों का आधार बनाने से यह एक डिजिटल फोटो पहचान के रूप में भी काम आता है।

महापौर विजय देवांगन ने बताया कि धमतरी नगर निगम क्षेत्र में अब एक कॉल पर घर बैठे आधार कार्ड बन रहा। इस सेवा की शुरुआत छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष पर कर दी है। हालांकि इसका फायदा सिर्फ पांच साल तक के बच्चों को ही मिल सकेगा। नागरिकों को आवश्यक सेवाएं घर में ही उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना में इस नई सेवा को जोड़ा गया है। फिलहाल इस सेवा की शुरुआत शहरी क्षेत्रों में की गई है। जिसका एक अच्छा रिस्पांस हमारे निगम क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

टोल फ्री नंबर 14545 पर करना होगा कॉल- इस सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर अपनी सुविधानुसार अप्वाइंटमेंट बुक किया जा सकता है। आवेदक की ओर से तय की गई तारीख और समय के अनुसार,मितान घर आकर बच्चों का आधार कार्ड पंजीकरण करने आएंगे। पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होने के कुछ ही दिनों में बच्चे का आधार कार्ड आवेदक की ओर से दिए गए पते पर पहुंच जाएगा।

माता-पिता का आधार और बायोमैट्रिक अनिवार्य- मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 5 साल तक के बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए राशन कार्ड,सीजीएसएस/ स्टेट गवर्नमेंट/ ईसीएचएस/ ईएसआईसी /मेडिकल कार्ड, आर्मी कैंटीन कार्ड,पासपोर्ट,बर्थ सर्टिफिकेट, राज्य या केंद्र सरकार की ओर से जारी परिवार संबंधित कोई दस्तावेज होना चाहिए। बच्चों के आधार पंजीकरण के समय माता,पिता मे से किसी एक का आधार नंबर और बायोमेट्रिक अनिवार्य होगा।

छोटे बच्चों का आधार बनाने के लाभ- पांच साल तक के बच्चों का आधार कार्ड विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए महत्वपूर्ण होता है। छोटे बच्चों का आधार बनाने से यह एक डिजिटल फोटो पहचान के रूप में भी काम आता है। इसके अतिरिक्त पासपोर्ट,पैन कार्ड, बैंक खाता के लिए भी आधार कार्ड उपयोगी रहेगा। मुख्यमंत्री मितान योजना को फिलहाल प्रदेश के 14 नगर निगमों में शुरू किया गया है।

पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर : घटनास्थल पर ही युवक की मौत

❐ **आरोपी ड्राइवर पुलिस की गिरफ्त में**

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले में मंगलवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार शख्स की मौत हो गई। जामबहार पेट्रोल पंप के पास पिकअप ने बाइक सवार श्याम लाल 45 वर्ष को अपनी चपेट में लिया। डायल 112 की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना बालको थाना क्षेत्र में हुई।

उरगा थाना क्षेत्र के ढोढीतराई में रहने वाले श्याम लाल बालको की एक निजी कंपनी में काम करते थे। उनकी नाइट शिफ्ट चल रही थी। मंगलवार को वे अपनी नाइट शिफ्ट करके सहकर्मी के घर जामबहार गए हुए थे। मृतक श्यामलाल की पत्नी वृंदा ने बताया कि कल दोपहर सडक़ हादसे में पति के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिली थी। जब वे आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंची, तो पति की मौत की खबर मिली। मौत की सूचना के बाद बाकी के रिश्तेदार भी जिला अस्पताल पहुंचे। पत्नी ने बताया कि शादी के कुछ साल बाद से वो अपने पति और दो बच्चों के साथ बालको बस्ती में शिफ्ट हो गए थे। उसका मायका भी बालको बस्ती ही है। पत्नी वृंदा ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिसमें से बड़ा बेटा परदेशी लाल 25 वर्ष और छोटा बेटा रूप लाल 15 वर्ष है। अभी दोनों पढ़ाई कर रहे हैं और उनके पति ही घर में एकमात्र कमाने वाले थे। बालको थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। आरोपी पिकअप चालक को भी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इधर गुस्साए लोगों ने आरोप लगाया कि लगातार सडक़ हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन पुलिस-प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। तेज रफ्तार वाहनों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत को भेजा प्रस्ताव

❐ **एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का किया आग्रह**

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी आरक्षण के मुद्दे को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को भेजा है। मुख्यमंत्री ने आगामी एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया है कि राज्य में आरक्षण के मामले में आदिवासी निश्चिंत रहें, उन्हें 32 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में आरक्षण की विधिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का दल शीघ्र वहां जाएगा। अध्ययन दल के गठन एवं इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आदिवासियों के हित और उनके संरक्षण के लिए संविधान में जो अधिकार प्रदत्त है, उसका पालन हमारी सरकार कर रही है। हमारी स्पष्ट मंशा है कि संविधान द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग को प्रदान किए गए सभी संवैधानिक अधिकार उन्हें प्राप्त हों। आरक्षण के मामले को लेकर हमने विधानसभा अध्यक्ष महोदय से एक एवं दो दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किए जाने का भी आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। आदिवासियों के समुचित विकास के लिए विकास प्राधिकरणों में स्थानीय विधायकों को ही अध्यक्ष बनाया गया। आदिवासियों के विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई गईं और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। आदिवासी समुदाय के आस्था स्थल देवगुड़ी और घोटुल का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का काम भी बीते पौने चार सालों से प्राथमिकता से कराया जा रहा है। राज्य के आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में ही आदिवासी बाहुल्य जिलों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन कराते हुए छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया जा रहा है। वनवासियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वंचितों को वन अधिकार पत्र वितरण और पेसा कानून लागू करने जैसे कार्य छत्तीसगढ़ सरकार ने किए हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य लाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनिकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सक्षम उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU